
# UP INTERNATIONAL TRADE SHOW

दिनांक : 21 - 25 सितम्बर, 2023
वेन्यू : इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा

# उत्तर प्रदेश
## के व्यावसायिक आकर्षण का
## शानदार प्रदर्शन




## उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा सोर्सिंग शो

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एवं समर्थित

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW



## संदेश

उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार हमेशा आर्थिक क्रियाकलापों का उत्साहवर्धन करती रही है। मुझे उम्मीद है कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो, जो उत्तर प्रदेश सरकार और विश्व प्रसिद्ध इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड द्वारा सह–आयोजित किया जा रहा है, उत्तर प्रदेश में सभी स्तरों के उद्यमों– सूक्ष्म, लघु, मध्यम और बड़ों के लिए एक विशेष व्यापारिक प्लेटफार्म साबित होगा। यह उनके व्यापारिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होने के साथ–साथ प्रदेश के 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो – एक नज़र में

अपने विशिष्ट औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी, भौगोलिक संकेतक प्राप्त उत्पादों, एक जनपद एक उत्पाद श्रेणी के अनेक विशिष्ट एवं विविध उत्पादों को समाहित किये हमारा प्रदेश न सिर्फ नये भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में गतिमान हुआ है, वरन वैश्विक बाजार के उद्यमों एवं व्यवसायों के लिए स्वयं को एक स्वप्निल निवेश स्थल के रूप में स्थापित करने में सफल रहा है।

प्रदेश में निर्मित होने वाले अनेक उत्पाद वैश्विक स्तर पर अपने विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुके हैं, परन्तु अनेक ऐसे उत्पाद हैं जिनको उनकी उत्कृष्टता के सापेक्ष अपेक्षित पहचान प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे उत्पादों की उत्कृष्टता की एक झलक वैश्विक बाजार को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के आयोजन की रूप रेखा तैयार की गयी है। ये उत्तर प्रदेश के परंपरागत व आधुनिक उत्पादों पर केंद्रित एकल बिजनेस शो होगा, जो कि ब्रान्ड यूपी को वैश्विक पोर्टल पर स्थापित करने के साथ, प्रदेश के उद्यमियों का अन्तर्राष्ट्रीय खरीददारों से समन्वय स्थापित करते हुए उन्हें व्यापारिक विस्तार करने का स्वर्णिम अवसर उपलब्ध कराएगा।



## उत्तर प्रदेश में सक्रिय उद्यमिता के अवसरों का रेखांकन

- प्रचुर संसाधन और औद्योगिक विकास की जबरदस्त क्षमता
- व्यापार करने में आसानी में दूसरा स्थान
- मेक इन इंडिया एवं औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 25 सेक्टोरल पालिसी
- औद्योगिक विकास के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र बनाने हेतु विभिन्न सुधारात्मक कदम
- पारदर्शिता और सूचना अधिगम्यता
- अनुपालन को सरल और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए एक समर्पित एकल–खिड़की प्रणाली – 'निवेश मित्र'
- सरकारी प्रोत्साहन और समर्थन के साथ अनुकूल कारोबारी माहौल
- बड़ा और तेजी से उभरता उपभोक्ता बाजार
- कुशल और अर्ध–कुशल श्रम बल की बड़ी तादाद
- आईटी, ई–कॉमर्स और नवीकरणीय ऊर्जा सहित उभरते हुए उद्योग
- बैंकों, उद्यम पूंजीपतियों और एंजेल निवेशकों के माध्यम से वित्तीय सुलभता
- नई सड़कों, राजमार्गों, हवाई अड्डों और रेलवे के साथ बुनियादी ढांचे का विकास
- कर प्रोत्साहन, सब्सिडी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा सरकार का समर्थन
- भारत के मध्य में स्थित एवं प्रमुख बाजारों तक पहुंच के साथ व्यापारिक तौर पर एक महत्वपूर्ण ठिकाना
- परामर्शदाताओं, सलाहकारों और व्यावसायिक नेटवर्क के साथ समृद्ध उद्यमशील संस्कृति
- ऑनलाइन प्रोत्साहन–लाभ प्रबंधन प्रणाली – प्रोत्साहन अनुमोदन के सभी चरणों पर नज़र रखने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म
- अंतर्विभागीय प्रतिरोध को दूर करने हेतु 1,000 दिनों के लिए 72 घंटों के भीतर अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रदान करना







## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो– प्रतिभागियों की प्रोफाइल पर एक झलक

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम व वृहद श्रेणी के उद्यमियों व निर्यातकों द्वारा अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जायेगा, जो कि राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्पादों की विशिष्ट पहचान स्थापित करने के साथ ही, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के नये क्षेत्रों व विपणन सम्भावनाओं का सृजन करेगा। साथ ही इस मेले में विकास केंद्रित विभिन्न शासकीय व अशासकीय योजनाओं व कार्यक्रमों का समुचित प्रचार–प्रसार भी सुनिश्चित करते हुए उनकी व्यापक पहुंच सुनिश्चित की जायेगी।

### इवेंट के मुख्य आकर्षण

#### उत्पाद एवं सेवाएं

- कृषि और बागवानी (मौसमी खाद्य उत्सव)
- एयरपोर्ट
- डिफेंस कॉरिडोर
- ई–कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग
- शिक्षा क्षेत्र (एसटीईएम पर लाइव डेमो)
- फिल्म उद्योग
- मत्स्य पालन और पशुपालन
- खाद्य प्रसंस्करण/डेयरी उत्पाद
- उत्तर प्रदेश से जीआई टैग उत्पाद (बी2सी)
- कांच उद्योग/संगमरमर उद्योग
- हथकरघा, हस्तशिल्प और वस्त्र
- स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती (आयुष/फार्मा/प्राकृतिक चिकित्सा/योग/यूनानी)
- राजमार्ग/औद्योगिक पार्क/विकास प्राधिकरण
- इन्फ्रा, इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्योग
- आईटी और स्मार्ट सिटी मिशन, उत्तर प्रदेश
- चमड़ा उद्योग
- ओडीओपी प्रदर्शन
- विद्युत निगम (यूपी पावर कॉर्पोरेशन / एनसीपीएल और अन्य)
- नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन
- रिटेल सेक्टर
- स्पोर्ट्स सेक्टर
- एसटीपीआई (भारत के सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क)
- चीनी उद्योग
- टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर
- उत्तर प्रदेश के टॉप एसोसिएशन और क्लस्टर
- उत्तर प्रदेश पुलिस एसोसिएशन
- गोदाम और रसद

और भी बहुत कुछ...

#### सरकारी योजनाएं

- डिजिटल इंडिया मिशन
- अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी) योजना
- सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीटीएमएसई)
- उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी)
- खादी ग्रामोद्योग विकास योजना – अम्ब्रेला योजना
- सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई–सीडीपी)
- नमामि गंगे और जल शक्ति
- राष्ट्रीय विनिर्माण प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम (एनएमसीपी)
- राष्ट्रीय एससी–एसटी हब योजना
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी)
- खरीद और विपणन सहायता (पीएमएस) योजना
- ग्रामीण और शहरी विकास योजना
- ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (आत्मनिर्भर भारत अभियान)

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW

# उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाएं और नीतियां

## उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2020–25 (यूपीईपी नीति 2020–25)

- विश्व व्यापार संगठन के नियमों का पालन
- केंद्र–राज्य समन्वय प्रकोष्ठ की स्थापना
- शीघ्र निर्यात प्रलेखन के लिए सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित
- निर्यातकों के लिए एक समर्पित जीएसटी सेल की स्थापना
- भौगोलिक संकेतक उत्पादों की पहचान, पंजीकरण, एवं ब्रांडिंग
- छोटी और सूक्ष्म इकाइयों के ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए बी2बी एक्सचेंज स्थापित
- निर्यातकों को राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान
- प्रतिस्पर्धी निर्यात अवसंरचना के लिए सार्वजनिक–निजी पहल को बढ़ावा
- निर्यात प्रोत्साहन परिषदों के लिए संस्थागत ढांचे को मजबूती
- निर्यात संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए क्षमता निर्माण कार्यशालाओं तथा समितियों का आयोजन

## उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति–2022 (एमएसएमई नीति–2022)

- पूंजीगत सब्सिडी
- ब्याज सब्सिडी
- इंफ्रास्ट्रक्चर ब्याज सब्सिडी
- स्टैंप ड्यूटी में छूट
- एमएसएमई के बीच गुणवत्ता सुधार को बढ़ावा
- एमएसएमई के बीच पर्यावरण सुधार उपायों को बढ़ावा
- निजी एमएसएमई पार्क, फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स और औद्योगिक एस्टेट को बढ़ावा











## उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख कार्यक्रम और नीतियां

### उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति–2022 (यूपीआईआईईपी नीति–2022)

- औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन
- स्टैंप ड्यूटी में छूट
- निवेश प्रोत्साहन सब्सिडी
- शुद्ध एसजीएसटी प्रतिपूर्ति
- भारत सरकार की पीएलआई योजना के तहत प्राप्त प्रोत्साहन पर टॉप अप
- अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं और बौद्धिक संपदा अधिकारों के लिए प्रोत्साहन
- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को वित्तीय अनुदान
- इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को प्रोत्साहन
- निजी औद्योगिक पार्कों को प्रोत्साहन
- निजी औद्योगिक पार्कों के लिए भूमि एकत्रीकरण की सुविधा
- फास्ट ट्रैक भूमि आवंटन

### उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग पालिसी–2022 (यूपीटीजी नीति – 2022)

- भूमि लागत सब्सिडी
- स्टैंप ड्यूटी में छूट
- पूंजीगत सब्सिडी
- इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सब्सिडी
- संयंत्र और मशीनरी पर ब्याज सब्सिडी
- ऊर्जा से संबंधित प्रोत्साहन
- रोजगार सृजन सब्सिडी
- भाड़ा प्रतिपूर्ति
- विपणन के लिए प्रोत्साहन
- पीएम मित्र पार्क योजना के तहत इकाइयों के लिए विशेष प्रोत्साहन
- निजी टेक्सटाइल पार्कों को प्रोत्साहन
- रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन
- राज्य के युवाओं को नया रोजगार शुरू करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन







## प्रदर्शकों की प्रोफ़ाइल

कृषि और बागवानी

डिफेन्स कॉरिडोर

ई–कॉमर्स, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं

शिक्षा क्षेत्र (विश्वविद्यालय/एसटीईएम/पुस्तक शो)

इन्फ्रा, इंजीनियरिंग और विनिर्माण

फिल्म उद्योग

खाद्य प्रसंस्करण और डेयरी उत्पाद

जीआई टैग उत्पाद

हस्तकरघा, हस्तशिल्प एवं वस्त्र, रिटेल

स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती (आयुष, योग, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा)

आईटी/आईटीईएस

एमएसएमई

नमामि गंगे एवं जल शक्ति

ओडीओपी

नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन

खेल–कूद

टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी

उत्तर प्रदेश के टॉय एसोसिएशन और क्लस्टर

गोदाम और रसद

महिला व्यवसायी

एवं अन्य...











## आगंतुक (विजिटर्स) प्रोफाइल

भारतीय और विदेशी खरीदारों, व्यवसाय से जुड़े आगंतुकों, एवं उत्तर प्रदेश राज्य के विकास मॉडल के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े अन्य हितधारकों के लिए एक आदर्श इवेंट। प्रोफ़ाइल पर एक झलक

- खरीददार
- कॉर्पोरेट्स
- वितरक
- घरेलू खरीदार
- ई–कॉमर्स
- निर्यातक
- संस्थागत खरीदार
- निवेशक
- विपणन पेशेवर
- विदेशी खरीदार, आयातक और थोक व्यापारी
- खुदरा स्टोर
- थिंक टैंक
- ट्रेडर्स

## एक्सपो में प्रदर्शन करने की लागत

| | राष्ट्रीय | अंतर्राष्ट्रीय |
|---|---|---|
| खाली जगह के लिए | रु.6500/– प्रति वर्ग मीटर | यूएस डॉलर 160/– प्रति वर्ग मीटर |
| निर्मित बूथ के लिए | रु.7000/– प्रति वर्ग मीटर | यूएस डॉलर 180/– प्रति वर्ग मीटर |

* 18% जीएसटी अतिरिक्त लगेगा

**2/3/4- भाग खुले बूथों के लिए 10% अतिरिक्त अधिमान्य स्थान शुल्क (पीएलसी) देय होगा

***यूपीआईटीएस शो डाइरेक्टरी के लिए ₹1500/- का अतिरिक्त भुगतान करना होगा



## शेफ प्रतियोगिता

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट परिसर में एक 'यंग शेफ' प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें यूपी के युवा शेफ अपनी पाक कला का प्रदर्शन करेंगे। उसी दिन, एक सेलिब्रिटी शेफ द्वारा एक विशेष 'मास्टर क्लास' भी आयोजित की जाएगी।

## प्रदर्शनी के अन्य आकर्षण

**परिचर्चा** – उत्तर प्रदेश के विशिष्ट एवं वैश्विक स्तर के वस्तुओं को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुँच बनाने के तरीके पर विशेषज्ञ चर्चाओं के सत्र होंगे।

**एंजेल इन्वेस्टर्स मीट** – स्टार्ट–अप संभावित निवेशकों से मिलेंगे और बातचीत करेंगे।

**पुरस्कार वितरण** – उद्यमिता एवं सृजनात्मकता को मान्यता देने एवं प्रोत्साहित करने के लिए सेक्टोरल पुरस्कार दिये जाएगें।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम** – दर्शकों और उपस्थित आगंतुकों को लुभाने के लिए दिल को छू लेने वाले स्टेज शो और प्रदर्शन होंगे। उनमें उल्लेखनीय हैं :

- कला और चित्रकारी शो
- यूपी फैशन शो
- उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक परफॉरमेंस
- कारीगरों का प्रदर्शन
- शहनाई संध्या
- यूपी बैंड परफॉरमेंस
- ड्रोन शो
- लेज़र शो

और भी बहुत कुछ...





## लाइव डेमो

मंत्रमुग्ध कर देने वाले उत्पाद–निर्माण के लाइव डेमो होंगे:


- कन्नौज का इत्र
- मेरठ का पीतल बैंड
- बिजनौर का पेंट ब्रश

और भी बहुत कुछ...



UP INTERNATIONAL TRADE SHOW

## लेआउट प्लान



# यूपीआईटीएस का वेन्यू

## इंडिया एक्सपोसिशन मार्ट लिमिटेड

दिल्ली एनसीआर में ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर 58 एकड़ भूमि में फैला आईईएमएल भारत में सबसे बड़े एकीकृत एक्सपो स्थलों में से एक है। आधुनिक तकनीकी सुविधाओं, उचित व्यवस्थाओं और सुरक्षा उपायों से लैस यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार–से–व्यापार प्रदर्शनियों, सम्मेलनों, सभाओं, उत्पाद लॉन्च और प्रचार कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए उपयुक्त है, और मुख्य रूप से विदेशी खरीदारों और कुटीर उद्योगों से जुड़े निर्माताओं और निर्यातकों के लिए एक केंद्रीय संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करता है।

**UP INTERNATIONAL TRADE SHOW**

दिनांक : 21 - 25 सितम्बर, 2023
वेन्यू : इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा

# उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा सोर्सिंग शो

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एवं समर्थित

**हमें अनुसरण करें**

अधिक जानकारी के लिए
https://upinternationaltradeshow.com/ लॉग ऑन करें
ई-मेल: upits@indiaexpocentre.com

संपर्क करें:
मुख्य कार्यालय: +91-7428235690, 9319993259
शाखा कार्यालय (लखनऊ): +91-9909926224, 9004392503

हमारी वेबसाइट पर जाने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें